सीआईपी और आईआईएम के बीच हुआ एमओयू

रांची, 20 फरवरी . रांची (Ranchi) के केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थारन(सीआईपी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के बीच सोमवार (Monday) को एमओयू हुआ. मौके पर सीआईपी के निदेशक डॉ बासुदेब दास और आईआईएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए. आईआईएम परिसर में नैदानिक, परामर्श सेवाओं का विस्तार और जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए एवं प्रबंधन तथा सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान करने के लिए यह एमओयू किया गया.

आईआईएम के मानव संपर्क कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. तनु दत्ता और सीआईपी के प्रचार्य डॉ. निशांत गोयल के सहयोग से इस एमओयू के द्वारा सेवाओं और शोध किया जायेगा. यह एमओयू प्रबंधन प्रशिक्षण और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक नए जुड़ाव को जोड़ने में मदद करेगा और यह देश में एक अनूठी पहल है. इस अवसर पर डॉ दीपांजन भट्टाचार्जी, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ मधुमिता और डॉ नरेंद्र मौजूद थे .

/ विकास

https://udaipurkiran.in/hindi/mou-signed-between-cip-and-iim/

Udaipur Kiran, 20.02.2023